University of Lucknow | लखनऊ विश्वविद्यालय

100 Years 1920 - 2020 Centennial Celebrations | शताब्दी उत्सव

लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ 226007(उ.प्र.)भारत
University of Lucknow
Lucknow-226007(U.P)INDIA

प्रो अमिता बाजपेयी
राज्य समन्वयक, जेईई बी.एड. 2020
Prof Amita Bajpai
State Coordinator, JEE B.Ed. 2020

शुभकामना संदेश

बी॰एड॰ संयुक्त प्रवेश परीक्षा की सुखद व चुनौतीपूर्ण कार्य की एक कड़ी को आप सभी के सहयोग से हमने 09 अगस्त 2020 को पूरा कर लिया है।

प्रदेश शासन स्तर से जुड़े अधिकारियों, सभी प्रवेश परीक्षा केन्द्रों तथा विश्वविद्यालयों के सहयोग से यह कार्य सफल हो पाया है इसके लिये मैं व्यक्तिगत रूप से तथा अपनी पूरी टीम की ओर से आप सभी को धन्यवाद ज्ञापित करती हूँ।

प्रवेश परीक्षा की पूरी प्रक्रिया में सभी के सहयोग से प्रवेश परीक्षा परिणाम घोषित करने में भी हमें अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम में कोई बदलाव नहीं करना पड़ा तथा दिनांक 05–09–2020 को हमने प्रवेश परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है।

इस वर्ष कुल 431904 अभ्यर्थियों ने प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन किया। कुल 357701 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। मैं सभी अभ्यर्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें देती हूँ। पूरे प्रदेश में लगभग 2160 महाविद्यालयों में बी॰एड॰ की लगभग 201190 सीटें उपलब्ध हैं।

इस पूरी प्रक्रिया में मेरे साथ एक कर्मठ सहयोगियों की टीम काम कर रही है जो दिन–रात अथक परिश्रम के साथ बी॰एड॰ प्रवेश प्रक्रिया में सहयोग दे रहे हैं। हमारी ऑन–काउन्सिलिंग प्रक्रिया दिनांक 19–11–2020 से प्रारम्भ हो रही है।

पूर्व की भाँति हम अथक प्रयत्न कर रहे हैं कि अभ्यर्थियों को काउन्सिलिंग प्रक्रिया का सुखद अनुभव प्राप्त हो। अभ्यर्थियों की सुविधा एवं परीक्षा की पारदर्शिता हेतु तथा वर्तमान परिस्थितियों में करोना वायरस जनित वैश्विक महामारी के संकट की गंभीरता के कारण उत्पन्न परिस्थितियों के चलते, अभ्यर्थियों को सुरक्षित रखने, व्यक्तिगत संपर्क व बीमारी के फैलाव से बचाने के उद्देश्य से बी॰एड॰ प्रवेश काउन्सिलिंग प्रक्रिया ऑनलाईन की गई है और इसे सहज बनाने का भरपूर प्रयत्न किया गया है। NEFT और Payment-gateway द्वारा शुल्क–संग्रहण को सरलतम बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

अभ्यर्थियों को मैं परामर्श देती हूँ कि वे ''च्वाइस–फिलिंग'' प्रक्रिया में महाविद्यालय चयन के पूर्व वेबसाइट पर उपलब्ध महाविद्यालयों की सूची से अपनी पसंद के बी॰एड॰ महाविद्यालयों के कोड नोट कर लें तथा उन्हें अपनी रूचि के क्रम में अधिकाधिक संख्या में भरें जिससे कि आप वांछित महाविद्यालय में प्रवेश प्राप्त कर सकें। सभी सफल अभ्यर्थियों को हृदय से पुनः शुभाशीर्वाद।

प्रो॰ अमिता बाजपेई
राज्य समन्वयक
संयुक्त प्रवेश परीक्षा बी॰एड॰–2020